## हम रामजी लाल सुमन के साथ खड़े हैं : अखिलेश यादव



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** इटावा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सांसद रामजी लाल सुमन का समर्थन करते हुए कहा कि अगर कोई हमारे रामजीलाल सुमन या हमारे कार्यकर्ता का अपमान करेगा तो हम समाजवादी लोग भी उनके साथ खड़े दिखाई देंगे। उनके सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे और यह सेना वेना सब नकली है, यह सब बीजेपी वाले हैं। उन्होंने कहा कि रामजीलाल सुमन के ऊपर किसी तरह का अपमान का व्यवहार नहीं कर पाएंगे और अगर अभी भी सरकार ने खुली छूट दे रखी है तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार है। अखिलेश ने कहा हिटलर ने भी बनाई थी एक ट्रूपर। हिटलर अपने कार्यकर्ताओं को वर्दी पहनाता था। वो अपने विरोधियों को उनसे पिटवाता था। ये जो सेना दिख रही है, बीजेपी की ट्रूपर है, ये कोई सेना नहीं बीजेपी वाले हैं।वहीं सपा चीफ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से आई आतंकवादियों के अटैक बढ़े हैं, बड़े पैमाने पर फौज के जवान शहीद हुए हैं। सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए से जुड़कर हम लोग 90 प्रतिशत आबादी को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। जो कोरोना में हमें कहते थे वैक्सीन वैक्सीन, बताओ हार्ट अटैक ज्यादा हो रहे हैं कि नहीं हो रहे हैं? सुनने में आ रहा है कैंसर भी बहुत बढ़ता चला जा रहा है। यह संविधान हमारे लिए बुनियाद है, हमारे लिए कर्म ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि मैं सोच सकता हूं कि अगर हम लोगों के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है तो और जो हमारे बहुजन समाज के लोग हैं उनके साथ में न जाने कैसा कैसा व्यवहार होता होगा। हमारा आरक्षण छीना जा रहा है। हम लोगों को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया जा रहा है। बाबा साहब ने भी जीवन भर भेदभाव देखा। जहां जानवर भी पानी पी सकते थे वहां पर भी पानी लेने नहीं जा सकते थे। हजारों साल पुरानी बुराई जो हमारे समाज में है, आज भी खत्म नहीं हुई। इस तरह की घृणा दुनिया में कहीं नहीं देखा जाता, सिर्फ हमारे देश में देखा जाता है।पूर्व सीएम ने कहा कि फूलन देवी जी का भी एक अलग इतिहास है। शायद धरती पर, दुनिया के इतिहास में इतनी प्रताड़ना इतना अपमान किसी महिला का हुआ होगा। जो व्यवहार, अपमान हुआ था उसको सम्मान में बदलने के लिए नेताजी और समाजवादी पार्टी ने उन्हें लोकसभा में पहुंचाने का काम किया था। आज पीडीए और बाबा साहब के संविधान, लोहिया जी के चिंतन और नेताजी के संघर्ष की वजह से हम लोग उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी हैं।

## पुलिस की मुस्तैदी से बचे रामजीलाल, जयंती शांति से निपटने के बाद उग्र हुए करणी सैनिक

### सांसद सुमन के आवास की ओर कूच करने का ऐलान किया पर पुलिस ने आगे नहीं बढ़ने दिया





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा के गढ़ी रामी में राणा सांगा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम शांति से संपन्न हो गया, लेकिन करणी सेना का एक गुट बाद में उग्र हो गया। इस गुट के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल के पास ही यमुना एक्सप्रेसवे के प्वाइंट पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। सांसद सुमन के आवास पर उग्र प्रदर्शन कर चर्चाओं में आए करणी सेना के कार्यकर्ता जयंती समारोह तक तो शांत रहे, लेकिन कार्यक्रम खत्म होने के बाद कुछ युवा खुली गाड़ी में सवार हुए और पुलिस द्वारा लगाई बेरीकेडिंग को तोड़ते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया। पुलिस ने इन लोगों को रोका तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। उग्र युवक हाथों में तलवारें लहरा रहे थे। बता दें कि ओकेंद्र राणा ने 26 मार्च की घटना के बाद आगरा में 12 अप्रैल को राणा सांगा की जयंती मनाने की घोषणा करते हुए ऐलान किया था कि वे फिर से सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर जाएंगे। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत भी पिछले कुछ दिन से कुछ इसी तरह के इरादे जता रहे थे। इसी कारण से पुलिस ने सांसद सुमन के आसपास के इलाके को पूरी तरह सील कर दिया था। करणी सेना के कार्यकर्ताओं का जाम कुछ ही देर चल पाया और पुलिस ने रास्ता खुलवा दिया।

## नशे के विरुद्ध बजरंग दल का युद्ध ब्रज प्रांत में 11 लाख हनुमान चालीसा का पाठ हुआ संपन्न

**हाथरस।** विश्व हिंदू परिषद युवा शाखा बजरंग दल के आवाहन पर हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर नशे के विरुद्ध बजरंग दल का युद्ध नारे के साथ समूचे ब्रज प्रांत में 11 लाख हनुमान चालीसा पाठ प्रातः 9ः00 बजे सम्पन्न हुए युवाओं में बढ़ते नशे के कारण आज जो परिवार एवं राष्ट्र नुकसान हो रहा है युवा पीढ़ी नशे के दलदल में धंसती चली जा रही है जो कि काफी चिंताजनक है इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए आज आज हनुमान जी के पावन जन्मोत्सव पर युवाओं को नशे के विरुद्ध संकल्प दिलाते हुए प्रातः 9ः00 बजे एक समय पर हाथरस में विभिन्न विद्यालयों प्रतिष्ठानों व आवासों पर एक साथ हनुमान चालीसा के पाठ सम्पन्न हुए जिसमें पीवीएएस इंटर कॉलेज स्कूल बी एल एस इंटरनेशनल स्कूल रामबाग इंटर कॉलेज डीआरबी इंटर कॉलेज एमएलडीबी पब्लिक स्कूल सेक्सरिया सुशीला देवी पब्लिक स्कूल सेंट आर एच कोन्वेंट स्कूल डीआरबी इंटर कॉलेज राजेन्द्र लोहिया विद्या मंदिर दून पब्लिक स्कूल केंद्रीय विद्यालय आदि के साथ विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हाथरस प्रखंड में 21937 पाठ सम्पन्न हुए सासनी प्रखंड में के विभिन्न विद्यालयों व प्रतिष्ठानों में 10894 पाठ व सिकंद्राराऊ प्रखंड में 14335 पाठ ,मुरसान प्रखंड में 5424 पाठ सादाबाद प्रखंड में 6423पाठ व हसायन प्रखंड में 2430 पाठ के साथ सम्पूर्ण हाथरस जिले में 61443 हनुमान चालीसा के पाठ सम्पन्न हुए 61443युवाओं ने नशे के विरुद्ध संकल्प लेकर हनुमान चालीसा के पाठ किये।

## सरस्वती नगर शिवशक्ति मंदिर पर मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जय शिव शक्ति मंदिर सरस्वती नगर फेस टू में हनुमान जयंती पर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ सभी निवासियों ने हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। पंडित अभय शंकर द्वारा हनुमान जी का चोला चढ़ाया और सभी निवासियों ने मिलकर प्रसाद वितरण किया। महिला मंडल जया देवनानी द्वारा भजन कीर्तन किए गए। अवधेश त्यागी मंजू त्यागी सुधीर यादव ए एस यादव राकेश यादव लक्ष्मण पॉप्तानी आनंद शर्माकंचन, ज्योति, रितिका, आंचल वाधवानी, पूजा , कोमल, अनीता , सोनिया मुलानी, कुमकुम, नेहा, श्वेता, दिव्या, दीपिका, भावना, सिमरन, भाविका, भूमि, जया , तृप्ता, मधु, जियानीलम, पूनम, प्राची, प्रेरणा, सलोनी, उषा, ज्योत्सना, प्रियल प्रकाश मंगवानी मौजूद रहे।

## पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवक हुए शामिल




**हाथरस।** सिकन्द्राराऊ नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष प्रतिप्रदा के उपलक्ष्य में चैत्र पूर्णिमा के सुअवसर पर एकत्रीकरण एवँ पथ संचलन किया गया। वक्ताओं ने शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन से संस्कृति व अनुशासित समाज के निर्माण की बात कही तो पथ संचलन से गणवेश धारी स्वयंसेवकों के कदम तालों ने एकता व अनुशासन का संदेश दिया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य वक्ता प्रान्त कार्यवाह राजकुमार ने कहा कि वर्ष 1925 में लगा संघ रूपी ब्रक्ष आज विराट स्वरूप में स्थापित हो चुका है। जो हिन्दू समाज को संगठित एव संरक्षित कर राष्ट के उन्नयन विकास के लिये कार्यरत है। संघ का कार्य समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि संघ निरंतर समाज में बदलाव लाने के लिए काम कर रहा है । संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन कबकार्य करेगा। हमें अपने जीवन में इन महत्वपूर्ण 'पंच परिवर्तन' अपनाना है। उन्होंने स्वदेशी, स्वधर्म और स्वराज की महत्ता पर प्रकाश डाला तो पर्यावरण संरक्षण की बात कही। उन्होंने कहा कि संघ हमेशा से ही सामाजिक समरसता का समर्थक रहा है। इसलिये समाज मे समाजिक समरसता लाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कुटुम्ब प्रबोधन एव नागरिक कार्यव्य ओर जोर दिया। घोष की धुन पर स्वयंसेवकों ने व्यायाम योग और तिष्ठ योग का प्रदर्शन किया। इसके उपरांत नगर में पथ संचलन किया गया। पथसंचलन का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा की गई। जिला प्रचारक रवि ,नगर प्रचारक तुलसीदास , विभाग शरीरिक प्रमुख धीरज , सह जिला कार्यवाह प्रदीप , नगर संघचालक प्रवीण , नगर सह संघचालक मनोज , नगर कार्यवाह अवधेश, अखिल ,खंड कार्यवाह पंकज ,शिवसिंह खंड संघचालक शिव कुमार गांधी , सह संघचालक मनोज महेश्वरी , हसायन खंड कार्यवाह ,नवनीत , हसायन नगर संघचालक संदीप , पुरदिलनगर संघचालक राधेश्याम , राजीव, ,प्रशांत , सिकंदरा राव,विधायक वीरेंद्र सिंह राणा,कवि शिवकुमार, ललित मोहन जी,मोहित राजपूत,केशव,अंश, कुनाल, देव, सारांश, अभिनव,पार्थ अन्य सभी स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

## मारुति नन्दन के जन्मोत्सव पर की पूजा अर्चना कर किया भण्डारा



**हाथरस।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पण्डित आशीष शर्मा ने अंजनी पुत्र मारुति नंदन के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर स्थानीय नवग्रह मंदिर जाकर भक्तिमय वातावरण में हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक व मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की व आरती की। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया और कहा हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को अंजनी पुत्र हनुमान जी का जन्म हुआ था।

मानता है की केसरी नंदन की विधिवत पूजा करने से सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है, हनुमान चालीसा से भय और मानसिक अशांति का नाश होता है,साथ ही जीवन में आने वाली विघ्न बढ़ाएं दूर होती है और नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने कहा कि शनि की साडेसाती का प्रभाव कम करने के लिए भी हनुमान चालीसा सहायक है, उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी से प्रार्थना की की सभी भक्तों पर उनकी कृपा बनी रहे और सभी को सुख दृशांति स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी के साथ-साथ विमल दीक्षित, अनिल दिक्षित, हरिशंकर राणा भूरा पहलवान ताराचंद माहेश्वरी, अमित एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे !

## अईयापुर खुर्द की नवविवाहिता बेटी की ससुराल रेवाड़ी में हत्या : कोहराम

**हाथरस-।** कोतवाली सदर क्षेत्र के जलेसर रोड स्थित गांव अईयापुर खुर्द निवासी एक नवविवाहिता की हरियाणा स्थित ससुराल में दहेज के चलते हत्या कर देने से परिवार में भारी हड़कम्प मच गया है और परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न करने पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है तथा मृतका आज अपने पैतृक घर शव आने पर परिवार में भारी कोहराम मच गया है।। बताया जाता है कोतवाली सदर क्षेत्र के जलेसर रोड स्थित अईयापुर खुर्द निवासी श्रीमती राजकुमारी पत्नी स्वर्गीय प्रेमकिशोर कुशवाहा ने अपनी करीब 20 वर्षीय पुत्री पुत्री हेमलता की शादी करीब 2 माह पूर्व गत 13 फरवरी को करण उर्फ कुलदीप पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम पाडला थाना खोल जिला रेवाड़ी हरियाणा के साथ हिंदू रीति रिवाज से की थी और हेमलता की मां ने अपनी सामर्थ अनुसार पुत्री की शादी में करीब 6 लाख रुपए खर्च किया था। आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद ससुराली हेमलता को दहेज के लिए परेशान करने लगे और दहेज में एक स्कॉर्पियो गाड़ी मांगने लगे।आरोप है कि ससुराली दहेज की मांग को लेकर हेमलता के साथ मारपीट एवं उसका उत्पीड़न करने लगे तथा गत कल 11 अप्रैल को हेमलता के ससुरालियों ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनकी पुत्री की मौत हो गई है और सूचना पाकर नवविवाहिता के परिजन वहां पहुंच गए तथा उन्होंने ससुराल वालों पर हेमलता उर्फ हेमा की हत्या का आरोप लगाते हुए हरियाणा के जिला रेवाडी के थाना खोल में रिपोर्ट दर्ज कराई है।रिपोर्ट में पति करण उर्फ कुलदीप के अलावा बाबा रघुवीर सिंह,सास मंजू देवी, ससुर विजयपाल, देवर ऋतिक समस्त निवासीगढ़ पाडला जनपद रेवाड़ी के खिलाफ हेमलता उर्फ हेमा की हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद किया गया है। जनपद रेवाड़ी के थाना खोल पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया तथा नवविवाहिता का शव आज अपने पैतृक गांव अईयापुर खुर्द आने पर परिवार में भारी कोहराम मच गया। वहीं पूरे गांव में भारी शोक व्याप्त हो गया।

## श्री हनुमान जी जन्मोत्सव शोभायात्रा

**हाथरस।** श्री हनुमान बाल मेला कमेटी द्वारा श्री हनुमान जी जन्मोत्सव के मौके पर विधिवत पूजा अर्चना श्री हनुमान जी शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए श्री हनुमान मंदिर पहुंची। जहां श्री हनुमान जी प्रतिमा की पूजा अर्चना कर भंडारा प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। कार्रक्रम का शुभारंभ किन्नर बिंदिया मौसी द्वारा विधिवत रथ पूजा अर्चना के साथ किया गया। वहीं मेला उद्घाटन इं. राकेश शर्मा राजाजी ने फीता काटकर एवं नारियल फोडकर किया। मां काली पूजन प्रमोद लाईट वालों ने किया नहीं श्री हनुमान जी पूजन देवेश लवानियां ने किया हर्ष शर्मा ने श्री रामायण पूजन किया। शोभा यात्रा आगरा अलीगढ रोड पुरानी सब्जी मंडी स्थित बडे हनुमान जी मंदिर से किया गया। शोभायात्रा कस्बा के बिभिन्न मार्गो एवं बाजारों तथा मुहल्लों में होते हुए श्री हनुमान जी मंदिर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। इस दौरान जय प्रकाश पाठक, दिनेश चंद्र वार्ष्णेय, विपिन अग्रवाल, संजय शर्मा, ललित पालीवाल, राहुल देव शर्मा, श्याम सुंदर गुप्ता सीमेंट वाले, सौरव वार्ष्णेय, मनोज शम्प्र, जय किशन लवानियां, देवेन्द्र अग्रवाल, अजय गुप्ता, अमित गुप्ता, आदि मौजूद थे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार शर्मा मय दलबल के मौजूद थे। दूसरी ओर कस्बा के प्राचीन हनुमान मंदिर में बजरंग दल जिला संयोजक मोहित गौड के नेतृत्व एवं अमित भारद्वाज के मार्गदर्शन में श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ हवन और श्री हनुमान जी की आरती एवं पूजा अर्चना का अयोजन किया गया। पंडित शैलेश शास्त्री जी ने वैदिक मंत्रों से पवित्र पावन हवन यज्ञ किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण के लिए आहूतियां दीं। इस दौरान भूप्रकाश उपाध्याय, नवीन पंडित, अविनाश तिवारी, गौरव बजरंगी, राजीव उपाध्याय, छोटू, आदि मौजूद थे।

## अध्यात्म योगी आचार्य आदित्य सागर के आगमन पर बैंड बाजों से होगा स्वागत

**हाथरस।** परम् पूज्य अध्यात्म योगी आचार्य श्री आदित्य सागर महाराज ससंघ आज 13 अप्रैल को हाथरस आ रहे है । श्रीजैन नव युवक सभा अध्यक्ष उमाशंकर जैन के साथ समाज के लोगो ने आचार्य को श्रीफल देकर हाथरस आने का आग्रह किया था। रविवार प्रात पांच बजे आचार्य सासनी से हाथरस के लिए विहार करेंगे अलीगढ़ रोड नहर पर बैंड बाजे के साथ उनकी भव्य आगवानी होगी। आचार्य आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में वेसबा इगलास में 18 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पंच कल्याणक होना है। इस पंच कल्याणक में हाथरस से राज कुमार जैन लोहिया उनकी पत्नी सुनीता जैन व अमित जैन लुहाड़िया उनकी पत्नी प्रीति जैन इंद्र इंद्राणी वने है हाथरस जैन समाज भी पंच कल्याणक में शामिल होगा । आचार्य श्री के साथ प्रतिष्ठाचार्य वाल ब्रमचारी पुष्पेंद्र शास्त्री भी साथ थे। आचार्य को श्रीफल देते समय श्रीजैन नव युवक सभा अध्यक्ष उमा शंकर जैन संरक्षक विजय जैन लोहिया हलवाई खाना जैन मंदिर प्रवन्धक राकेश जैनवाल पंडित विशाल जैन वेद वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव जैन भूरा महामंत्री अमित जैन उप मंत्री कपिल जैन चूरण वाले सासनी से अंजय जैन आदि मौजूद थे

## राम भक्त हनुमान के जैसा संसार में कोई भक्त नहीं: बबलू सिसोदिया

**हाथरस।**क्षेत्र के गांव टीकरी कला में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष बबलू सिसोदिया एवं आरव कुमार ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष बबलू सिसोदिया ने कहा कि राम भक्त हनुमान के जैसा संसार में कोई भक्त नहीं हुआ । वह भक्ति की अद्भुत मिसाल हैं। हनुमान जी सभी लोगों के संकट हरने वाले हैं। इस अवसर पर पवन कुमार, सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार, राजपाल सिंह पूर्व प्रधान, रुकुमपाल, राजपाल यादव, मंतोष कुमार, हाजी जी , शौकत अली, मुन्नेखा, डॉ जफरुद्दीन, समसुल सैफी , मास्टर शकील खान, अकील खान, शुभम चौहान, पप्पू चौहान, मुकेश पुंडीर, गिर्राज सिंह पुंडीर ,अभय पुंडीर, भारत पाराशर, ओंकार सिंह सिसोदिया,,रूप किशोर भारद्वाज, सुधीर प्रताप पुंढीर , मुनेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

## सीवेज फार्म के निकट कान्हा गोशाला का पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

**हाथरस।**जलेसर रोड स्थित सीवेज फार्म के निकट कान्हा गोशाला का पूर्ण विधि-विधान पूर्वक भूमि पूजन पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने पूर्व सांसद राजेश दिवाकर और जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के साथ किया ।इस गौशाला में 200 गायों हेतु व्यवस्था तथा उनके चारा व पानी की व्यवस्था एवं 2 टीन शेड, स्टोर रूम, बायो गैस और ऑफिस आदि का आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ निर्माण होगा । इस अवसर पर जिला मंत्री श्री हरीश सेंगर जी, मा0 सभसाद श्री काव्य वार्ष्णेय जी, श्री डम्वेश चक्र जी, श्री श्याम अग्निहोत्री जी, श्री मिलन अग्निहोत्री जी, श्री अन्नी पंडित जी, श्री सौरभ शर्मा जी, श्री अर्पित वर्मा जी, हिन्दू सेना जिलाध्यक्ष श्री जय शर्मा जी, नजूल निरीक्षक श्री यशुराज शर्मा जी सहित आदि जन उपस्थित रहे ।



## नीमा रविवार को मनाएगा स्थापना दिवस

**हाथरस।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल असोसिएशन (नीमा) अपना स्थापना दिवस अपना अपना घर आश्रम में शारीरिक परीक्षण एवम चिकित्सा शिविर लगाकर मनाएगा। शनिवार को यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल असोसिएशन नीमा डॉ धर्मेंद्र उपाध्याय एवं महासचिव हाथरस डॉ लोकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि हाथरस जलेसर रोड से कैमार रोड पर स्थित अपना घर आश्रम जहां मूक बघिर अर्द्धविक्षिप्त, विक्षिप्त, वृद्ध, प्रभुलोग आश्रय, लेते है, वहां नीमा अपना स्थापना दिवस मनाएगा। उन्होंने बताया कि आश्रम पर शारीरिक परीक्षण एवम चिकित्सा शिविर के साथ उन सब प्रभुओं के दोनों समय के नाश्ते और दोनों समय के भोजन के साथ इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त हाथरस नीमा को शिविर में उपस्थित रहने की अपील की है।

## थाना समाधान दिवस में डीएम,एसपी ने सुनी शिकायत



**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्ड़ेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कोवताली सासनी में समाधान दिवस में शामिल हो आमजन की शिकायतों को सुना गया तथा उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। जनसुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी सासनी, क्षेत्राधिकारी सादाबाद, तहसीलदार सादाबाद,प्रभारी निरीक्षक सादाबाद, राजस्व सादाबाद, लेखपाल आदि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे ।

जनसुनवाई के दौरान व जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया । इस दौरान कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया । इस दौरान राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व टीम के सहयोग से मामलों के निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक सादाबाद को थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ शिष्ट आचरण करने तथा उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

## जीर्ण माता मंदिर में पुजारियों के साथ मारपीट की घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को बाध्य होगी हिन्दू महासभा





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने राजस्थान के जीर्ण माता मंदिर के वार्षिक मेले में हुई पुजारियों के साथ मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि पुजारियों के साथ मारपीट की घटना निंदनीय है। उन्होंने मारपीट के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुजारियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि पुजारियों के साथ मारपीट की घटना पर हिन्दू समाज आक्रोशित है। हिन्दू महासभा पुजारियों के साथ मारपीट की घटना को ईश्वर के भक्तों के साथ अन्याय घोषित करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करती है। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा पुजारियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। जारी बयान के अनुसार हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश ने भी इस घटना को पुजारी समाज के साथ अन्याय घोषित करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने कहा कि मंदिर के पुजारियों की सुरक्षा में राजकीय प्रशासन की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पुजारी समाज सनातन धर्म में पूजनीय होते है । पुजारी मंदिरों में भगवान का प्रिय होता है जो मानव जाति और भक्तों के मध्य भक्ति और श्रद्धा की लौ जलाते हुए मानव जाति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। हिन्दू महासभा के प्रदेश महामंत्री शिवा गोस्वामी ने कहा कि मंदिर के पुजारियों की जान माल की सुरक्षा पर सरकार और पुलिस का संवेदनशील न होना चिंता का विषयवही। उन्होंने राजस्थान की पुजारियों पर हमले की घटना पर आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि पुजारियों की सुरक्षा के प्रति सरकार और पुलिस का गंभीर होना चिंता का विषय है। पुजारियों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं से हिन्दू महासभा चिंतित है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जीर्ण माता मंदिर मेले के दौरान पुजारियों पर हमले के हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हिन्दू महासभा आंदोलन पर बाध्य होगी।

## छात्रों को शिक्षा के साथ आध्यात्मिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा रहा जिम कॉर्बेट पब्लिक स्कूल : ई0 राघव

### यह पर्व छात्रों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का पर्व - डा0 मीना राघव




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक अद्भुत मिसाल कायम करने वाले आरश केश पुरम, गैलाना रोड स्थित जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल में भगवान बजरंगबली का अवतरण दिवस अपार श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। जिम कार्बेट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक इंश आरश केश सिंह राघव एवं निर्देशिका डॉश मीना सिंह राघव के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हनुमान जी के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के संस्थापक महोदय ने वीर बजरंगबली श्री हनुमान जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके जीवन परिचय से अवगत कराया और उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों के माध्यम से जिम कॉर्बेट पब्लिक स्कूल छात्रों को शिक्षा के साथ आध्यात्मिक विकास के मार्ग पर भी आगे बढ़ा रहा है। विद्यालय की निर्देशिका डॉश मीना सिंह राघव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान शिव का 11वां रुद्र अवतार है। उनके जन्म को लेकर कहा जाता है कि, जब विष्णु जी ने धर्म की स्थापना के लिए इस धरती पर प्रभु श्री राम के रूप में जन्म लिया, तब भगवान शिव ने उनकी मदद के लिए हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि यह पर्व छात्रों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का पर्व है। आज का पर्व आत्मचिंतन और अपने विचारों को पवित्र बनाने का संकल्प लेने का पर्व है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीन कुलश्रेष्ठ, उप प्रधानाचार्य दीपक धाकरे, कॉर्डिनेटर पूजा मेहरा, अजीत प्रताप सिंह, रामवीर परमार एवं समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई बिचपुरी का निर्वाचन हुआ सम्पन्न

### पुनीत अरोड़ा अध्यक्ष, वीरेन्द्र प्रताप सिंह सोलंकी ब्लॉक मंत्री, कमलेश कुमारी कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप भदौरिया, महिला उपाध्यक्ष सुधा रानी और संयुक्त मंत्री बनी मीनू परिहार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** विकास खंड बिचपुरी की प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई का चुनाव बीआरसी बिचपुरी सभागार में संपन्न हुआ जिसमें ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने निर्वाचन में भाग लिया। निर्वाचन निर्धारित नियमों का पालन करते हुए संपन्न कराया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए पुनीत अरोड़ा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह सोलंकी ब्लॉक मंत्री और कमलेश कुमारी कोषाध्यक्ष , प्रदीप भदौरिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष , मीनू परिहार संयुक्त मंत्री, सुधा रानी महिला उपाध्यक्ष के नाम पर सहमति बनी। अंत में सर्वसम्मति से चुनाव पर्यवेक्षक श्री लक्ष्मण सिंह चाहर और चुनाव अधिकारी डॉ योगेश चाहर और सह चुनाव अधिकारी बलवीर सिंह ने सभी को निर्वाचित घोषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशन बाबू गुप्ता और संचालन केके इंदौलिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह, बृजेश शुक्ला सह संयोजक, शिशुपाल सिंह, सुखवीर चाहर, डॉ सोनवीर चाहर, दिगम्बर सिंह, मांगीलाल गुर्जर, के पी सोलंकी, चंद्रवीर चाहर, कमल किशोर, जितेन्द्र सोलंकी, ऊषा चाहर, विमलेश पाठक, बृजेश नौहवार, पंकज बघेल, देवेन्द्र राजपूत, सुधा शर्मा, नीतू सिंह, अखिलेश शर्मा, बच्चू सिंह, जय देवी, केशव सिंह, बनवारी, प्रशांत राजपूत, प्रीती चाहर, संगीता सिंह, डॉ जगपाल, बलदेव सिकरवार, अरविंद परिहार, विजयपाल नरवार, संध्या तिवारी, नीलम, दुर्गेश, पूनम रानी, प्रियतमा आदि गणमान्य शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

## 10 महीने पहले शादी, एक लालच और लुट गईं खुशियां...विवाहिता की लाश देख कांप गए घरवाले

### जिस बेटी को 10 महीने पहले खुशी-खुशी विदा किया था, उसकी मौत से परिवार टूट गया है। बेटी की ससुराल में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र की अंजलि विहार कॉलोनी में बृहस्पतिवार शाम को नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुरालीजन भाग गए। पोस्टमार्टम के बाद भी केस दर्ज नहीं होने पर परिजन ने थाने में शव रखकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया। जारऊ, सादाबाद निवासी दिनेश कुमार ने बेटी रितु (24) की शादी 10 माह पहले अंजलि विहार, खंदौली निवासी अशोक के साथ की थी। परिजन ने बताया कि ससुराल में दो लाख रुपये की मांग करते हुए रितु से मारपीट की जा रही थी। बृहस्पतिवार की शाम को रितु का शव फंदे पर लटका मिला। इसकी जानकारी होने पर परिजन पहुंचे तो ससुरालीजन भाग गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया मगर केस दर्ज नहीं किया। शुक्रवार को परिजन मृतका के शव को लेकर थाना खंदौली पहुंच गए। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि मृतका के पति को हिरासत में लेने के बाद भी छोड़ दिया गया। पुलिस ने 24 घंटे तक केस नहीं लिखा। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने पति सहित अन्य ससुरालीजन पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है।

**दामाद ने कहा था, अब नहीं लौटेगी रितु**

रितु को दो दिन पहले अशोक मायके से लेकर आया था। कहा था कि अब परेशान नहीं होने दूंगा। वह अब कभी लौटकर मायके नहीं जाएगी। उन्होंने समझा कि पति सुधर जाएगा मगर उन्हें क्या पता था कि वह धमकी देकर गया है कि लौटकर नहीं आएगी।

## थाना अछनेरा पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में पकड़ी दस हजार लीटर अवैध शराब को गड्डा खुदवाकर कराया नष्ट





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पुलिस आयुक्त आगरा जे.रविन्द्र गौंड़ द्वारा माल निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को एसीपी अछनेरा गौरव सिंह के निर्देशन पर थाना अछनेरा पुलिस ने गड्ढा खुदवाकर 10 हजार लीटर देशी शराब व 250 पेटी अंग्रेजी शराब एवं शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट करवाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना अछनेरा में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को 11 विभिन्न मुकदमों से संबंधित जब्तशुदा अवैध शराब ओर सामग्री का नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त आगरा जे. रविन्दर गौंड़ द्वारा चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के तहत की गई। मौके पर जेसीबी द्वारा थाना परिसर में 15 फूट गहरा गड्ढा खुदवाकर करीब 10,000 लीटर देशी शराब, 250 पेटी अंग्रेजी शराब, शराब बनाने के उपकरण, खाली पऊवा, रेपर, ड्रम और ढक्कन आदि को थाना अछनेरा के पास खाली पड़ी जमीन पर गड्ढा खुदवाकर नष्ट किया गया। यह कार्रवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट न्यायालय सं. 10 आगरा के आदेश पर, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा के निर्देशन में ओर सहायक पुलिस आयुक्त अछनेरा गौरव सिंह की निगरानी में की गई। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अछनेरा विनोद कुमार मिश्रा, नोडल उप निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक विजय सिंह चंदेल, उप निरीक्षक सोवरन सिंह, पूर्व मालखाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीन कुमार व हेड कांस्टेबल अजय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## दिन दहाड़े गल्ला मंडी में व्यापारी से लूट, जगनेर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएं



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना जगनेर क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते शुक्रवार रात को गल्ला मंडी में सात दुकानों के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपये की नकदी और सामान ले उड़े। इस वारदात की लिखित शिकायत मंडी सचिव द्वारा थाना जगनेर में दर्ज करवाई गई है, लेकिन पुलिस अब तक खाली हाथ है।

**शनिवार को दिनदहाड़े हुई लूट की बड़ी वारदात**

शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे, गल्ला मंडी में एक और बड़ी घटना सामने आई। व्यापारी नंदकिशोर की दुकान पर एक व्यक्ति ग्राहक बनकर आया और गेहूं का भाव पूछने के बहाने बातचीत में उलझाकर, ?45,000 रुपये से भरा बैग उठाकर फरार हो गया।पीड़ित नंदकिशोर ने तुरंत लुटेरे का पीछा किया, लेकिन लुटेरा पहले से जगनेर थाना चौकी के पास खड़ी मोटरसाइकिल से फरार हो गया। व्यापारी ने तुरंत घटना की लिखित शिकायत थाना जगनेर में दर्ज करवाई।

**व्यापारी मंडल में आक्रोश, पुलिस पर उठे सवाल**

जगनेर गल्ला मंडी में बढ़ती चोरी और लूट की घटनाओं को लेकर व्यापारी मंडल में भारी रोष व्याप्त है। व्यापारी नेताओं ने कहा कि,दिनदहाड़े जिस तरह से लूट की वारदात हुई है, उससे साफ जाहिर होता है कि अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं बचा है। मंडी में व्यापार करना अब असुरक्षित होता जा रहा है।व्यापारी मंडल ने प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने और पेट्रोलिंग तेज करने की मांग की है।

## हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संकट मोचन हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** राम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव भक्तों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर खेरिया मोड़ अर्जून नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर भक्तों ने संकट मोचन हनुमान जी की पूजा अर्चना की तथा चोला चढ़ाया तथा अपनी मनो कामना भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने भागीदारी की इस संबंध में मंदिर के अध्यक्ष राजा चौधरी ने बताया कि वह सभी अवसरों पर भंडारे का आयोजन करते हैं तथा मंदिर में सभी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मन्दिर के पुजारी छुट्टन लाल ने बताया की संकट मोचन हनुमान मंदिर की बड़ी मान्यता है इस मंदिर से कई भक्तों की मनोकामना पूरी हुई है तथा भक्त मंगलवार व शनिवार को अधिक संख्या में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं।

## अम्बेडकर जयन्ती पर जनपद की समस्त मादक पदार्थों की दुकानें रहेगी बन्द, बन्दी के लिये अनुज्ञापी को नहीं मिलेगा कोई देय

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिला आबकारी अधिकारी, नीरज कुमार द्विवेदी ने अवगत कराया है कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 के अधीन नियमावलियों एवं अनुज्ञापन में निहित शर्तों में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत दिनांकः 14 अप्रैल 2025 (डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) को शराब बन्दी का नियम है। उक्त नियमों के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द मल्लप्पा बंगारी द्वारा दिनांकः 14 अप्रैल 2025 (डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) को जनपद की समस्त देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप एवं भांग के थोक एवं फुटकर बिकी के अनुज्ञापनों, बार अनुज्ञापनों व अन्य सभी प्रकार के आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त बन्दी के लिये अनुज्ञापी को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

## पालिकाध्यक्ष ने जेसीबी का पूजन कर हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हाथरस।** नगर पालिका परिषद द्वारा खरीदी गई नई जे0सी0बी0 3ष्ठङ्ग का पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने पूजन कर व हरी झंडी दिखाकर कार्यों के संचालन हेतु रवाना किया । इस दौरान साथ में मा0 पूर्व सांसद राजेश दिवाकर की गरिमामई उपस्थिति रही । इस अवसर पर अतुल चौधरी, सभासद रामजी लाल वर्मा, मा0 सभासद दिनेश कुमार (नन्ने) , सभासद धर्मेन्द्र पिप्पल, मा0 सभासद अशोक गोल, मा0 सभासद सूरज माहौर, मा0 सभासद विवेक गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक विजय स्वर्णकार, लेखाकार संजय अग्रवाल, सफाई निरीक्षक मुशाहिद हुसैन, व सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश सहित नगर पालिका के कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

## हवन यज्ञ कर मनाया श्री हनुमान जी जन्मोत्सव

**हाथरस।** लाला देव प्रकाश गर्ग की बगीची में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने श्रीरामोत्सव व श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री हनुमान चालीसा का पाठ व हवन का आयोजन किया गया। प्रारंभिक पूजा आरती श्री राजवंश सिंह द्वारा की गई। शनिवार को भगवान राम की आरती भाजपा मण्डल अध्यक्ष इं. आकाश सिंह द्वारा की गई। तत्पश्चात शोभा यात्रा का उद्घाटन पण्डित विजय शर्मा बैंजू भैया ने किया। शोभायात्रा बस स्टैंड से कमला बाजार, गांधी चैक, पथवारी, चांवड़, बजरिया, अयोध्या चैक होती हुई श्रीरामलीला मैदान पर संपूर्ण हुई। समापन आरती वेद प्रकाश कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथियों को डा. अमित भार्गव, विद्या भूषण गर्ग जिला सेवा प्रमुख व उपाध्यक्ष हेमंत कौशल द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान किए गये।

## रक्त स्वाभिमान रैली में करणी सेना ने लहरायी तलवारें और डंडे





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** एत्मादपुर के गांव गढ़ी रामी में राणा सांगा की जयंती मनाने के लिए भीड़ सुबह से आना आरंभ हो गयी थी। हाथों में तलवार और बंदूकों के साथ लोग आ रहे थे। भीड़ को देख पुलिस भी परेशान थी। सम्मेलन को लेकर पुलिस के निर्देशों के बाद हाईवे की दुकानों को बंद करा दिया। बुलडोजर लेकर कोई न आए इसके लिए सभी जेसीबी मशीनों को पहले ही जब्त कर लिया गया। पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। सादा कपड़ों में भी पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियों के जवान यहां तैनात किए गए थे। रैली का समय 11 बजे तय था, लेकिन समय बढ़ता जा रहा था। आयोजन स्थल के बाहर डीसीपी बेस्ट अतुल कुमार शर्मा, एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत राय सहित कई एसीपी और सर्किल का फोर्स सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहा। एत्मादपुर के गढ़ी रामी में राणा सांगा की जयंती पर आगरा के साथ ही एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, मथुरा, कासगंज, अलीगढ़ सहित तमाम जिलों से लोग पहुंच चुके थे। यहां बनाया गया पंडाल पूरा भर चुका था। राणा सांगा पर सपा सांसद के विवादित बयान को लेकर आक्रोश नजर आ रहा था। वहीं पुलिस भी अलर्ट दिखाई दे रही थी। हालांकि कुछ जगह पुलिस द्वारा इन लोगों को आयोजन स्थल पर पहुंचने से रोकने का प्रयास भी किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। मंच के पास बनाई गई पार्किंग भी गाड़ियों से भर चुकी थी।पेयजल के लिए टैंकर खड़े किए गए थे। सम्मेलन में आने वाले वाहन यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज कट से पहुंच रहे थे। रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश राजस्थान और गुजरात से भी तमाम करणी सेना के पदाधिकारी पहुंचे।

## करणी सेना ने की तोड़फोड़, हाईवे किया जामः राणा सांगा पर बयान देने वाले सपा सांसद का घर छावनी बना



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा में करणी सेना ने शनिवार को जमकर बवाल किया। करणी सेना के कार्यकर्ता राणा सांगा की जयंती मनाने इकटठे हुए थे। उन्होंने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के घर कूच करने के ऐलान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डंडे तलवारें लहराई और प्रदर्शन किया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जाते समय उन्होंने रास्ते में लगी बैरिकेडिंग को लाठी डंडों से हमला कर तोड़ दिया। इसके बाद नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। वहीं, करणी सेना युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा का कहना हैं कि सुमन के घर जाने में हमें प्रशासन भी नहीं रोक पाएगा। हम अपना काम करेंगे, प्रशासन अपना काम करेगा। हम यहां पूरी तैयारी से हैं। किसी भी हालत में पीछे हटने वाले नहीं हैं। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंची पुलिस को देखकर करणी सेना के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और तलवारें डंडे लहराने लगे। हालात बिगड़ते देख पुलिस को आयोजन स्थल से बाहर जाना पड़ा। करणी सेना के सपा सांसद के घर कूच करने के ऐलान करने के बीच पुलिस भी मुस्तैद रही। 500 जगहों पर बैरिकेडिंग की गई। सड़कों पर पत्थर के बड़े बड़े बोल्डर रखे गए। 10 हजार पीएसी और पुलिस के जवान तैनात रहे। ड्रोन से भी निगरानी की गई। वहीं, शनिवार को पूरे दिन रामजी सुमन घर पर रहे। उनके घर पर 1000 पुलिस जवान तैनात रहे। एक किमी का इलाका सील रहा और मेटल डिटेक्टर लगाए गए। सपा सांसद ने भी अपनी पर्सनल सिक्योरिटी में 10 बाउंसर लगाए थे।



